**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 16.09.2025**

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा**

## ❖ थाना अतर्रा पुलिस चोरी करने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार।

**विवरण**– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना अतर्रा क्षेत्र के ग्राम नगनेधी के रहने वाले राजेश ने थाना अतर्रा पर सूचना दी कि दिनांक 14.09.2025 को गांव के ही सलीम पुत्र बन्ना व मनीष पुत्र कल्लू द्वारा उनके बकरे को चोरी कर काट कर खा लेने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 16.09.2025 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को ग्राम सेमरिया मिर्दहा सांई बाबा मंदिर के पास से अवैध तमंचे, व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूंछताछ में अभियुक्तों द्वारा बकरा चोरी कर उसका मांस खा जाने की बात स्वीकार की गई।

**बरामदगी-**

- 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर
- 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
- बकरे की पूंछ व खाल

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सलीम पुत्र बन्ना निवासी ग्राम नगनेधी थाना अतर्रा जनपद बांदा।
2. मनीष पुत्र कल्लू निवासी ग्राम नगनेधी थाना अतर्रा जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 331/25 धारा 303(2)/317(2)/325 बीएनएस बढोत्तरी धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अतर्रा जनपद बांदा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सलीम-**

1. मु0अ0सं0 238/15 धारा 386 भादवि थाना अतर्रा जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0 44/15 धारा 380/411 भादवि थाना अतर्रा जनपद बांदा।
3. मु0अ0सं0 177/18 धारा 323/504/506 भादवि थाना अतर्रा जनपद बांदा।
4. मु0अ0सं0 208/20 धारा 147/148/149/323/324/504/506 भादवि व 3(2)5A एससी एसटी एक्ट थाना अतर्रा जनपद बांदा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त मनीष-**

1. मु0अ0सं0 119/17 धारा 354क/504/506 भादवि थाना अतर्रा जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0 208/20 धारा 147/148/149/323/324/504/506 भादवि व 3(2)5A एससी एसटी एक्ट थाना अतर्रा जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 बालमुकुन्द शुक्ला
2. उ0नि0 प्रीत कुमार पाण्डेय
3. हे0कां0 रोहित सिंह
4. कां0 प्रशांत यादव
5. कां0 धीरेन्द्र